अमर उजाला 05/06/2024

प्रोफेशनल कोर्स से विदेशों में भी कॅरिअर बना रहे युवा

बीएससी आईटी, कंप्यूटर साइंस, नर्सिंग व बीसीए में रुझान ज्यादा

सतनाम सिंह

अंबाला सिटी। कॉलेजों में आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। मंगलवार को ऑनलाइन आवेदन का दूसरा दिन रहा। कॉलेजों में दाखिले के लिए काउंसिलिंग समिति का भी गठन किया है। यह समिति आवेदकों को कोर्स चुनने के साथ-साथ कॅरिअर के लिए भी मार्गदर्शन कर रही है और आवेदकों की शंकाओं को भी दूर किया जा रहा है।

इस बार कॉलेजों में बीए और बीकॉम जैसे परंपरागत कोर्सों के साथ ही प्रोफेशनल कोर्स में भी रुझान बढ़ा है। इनमें ज्यादा रुझान बीएससी आईटी, बीएससी कंप्यूटर साइंस, बीएससी नर्सिंग व बीसीए में देखा जा रहा है। इसकी बड़ी वजह यह भी है कि यह कोर्स कॅरिअर के लिए सहायक हैं और विदेशों में भी इन कोर्स की डिमांड होने से युवाओं का रुझान बढ़ा है।

बीए और बीकॉम कोर्स में भी दाखिले के लिए मारामारी : दरअसल, जिले के राजकीय कॉलेजों की बात करें तो प्रोफेशनल कोर्स में रुझान बढ़ा ही है, साथ ही बीए और बीकॉम जैसे परंपरागत कोर्स के लिए भी कड़ा मुकाबला रहता है। पहले मेरिट सूची में ही काफी सीट फुल हो जाती हैं और दूसरी मेरिट सूची में भी ज्यादातर सीट भर जाती है।

इसके अलावा एडिड कॉलेजों ने भी दाखिले कम नहीं होते। इस बार जीएमएन कॉलेज अंबाला छावनी में एआईसीटीई (ऑल इंडियन काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन) की अनुमति से कॉलेज में पांच कोर्स चलेंगे। जीएमएन कॉलेज नर्सिंग के कोर्स आरंभ करने वाला अंबाला का पहला कॉलेज बन गया है। इसके अंतर्गत बीएससी नर्सिंग और जीएमएन के दाखिले भी इसी सत्र में किए जाएंगे।

इसके लिए सरकारी एवं निजी अस्पतालों के साथ एमओयू किए गए हैं, जिसके अनुसार विद्यार्थी इन अस्पताल में प्रशिक्षण कर सकेंगे। फिर अस्पताल में प्लेसमेंट के अवसर भी मिलेंगे। इसके साथ-साथ देश-विदेश में नौकरी पाने योग्य विद्यार्थियों को तैयार किया जाएगा।